पुनः परीक्षा 2021-22

विषय हिंदी कक्षा नवी

समय 90 मिनट अंक 40

सामान्य निर्देश

* इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं खंड क खंड ख और खंड ग

* इस प्रश्न पत्र में कुल 10 वस्तु परक प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्नों में उप प्रश्न पूछे गए हैं ।निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

* खंड- क में कुल 20 प्रश्न पूछे गए हैं दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए

खंड-ख मे कुल 20 प्रश्न पूछे गए हैं दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल 16 प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

* खड ग में कुल 14 प्रश्न पूछे गए हैं सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

* सही उत्तर वाले गोले को भली प्रकार से केवल नीली या काली स्याही वाले बॉल पेन से ओएमआर शीट में भरे।

खंड- क

1- नीचे दो अपठित गद्यांश दिए गए हैं किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।1×5=5

जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन तत्वों की आवश्यकता है उनको प्राप्त करना है शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। शिक्षा मानव जीवन के लिए वैसे ही है जैसे संगमरमर के टुकड़े के लिए शिल्प कला। फलत शिक्षा केवल ज्ञान दान ही नहीं करती अपितु संस्कार और सुरुचि के अंकुर ओं का पोषण भी करती है । वस्तुतः अपने को जीवित रखने के लिए अपने वातावरण तथा उसकी सापेक्षता में निज को समझकर जीवन के अनुकूल कार्यों को करना और प्रतिकूल का निवारण भी शिक्षा का उद्देश्य है । शिक्षा मनुष्य को संस्कार बदध कर उसे मानवीय गुणों से विभूषित करती है तथा साथ ही स्वाभिमान से जीना सिखाने में सहायता कर मनुष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है ।

1 - शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए-

क मानवता का विकास करना।

ख दान वता का विकास करना

ग जीवन को अच्छी तरह बिताने की कला सिखाना

घ सद्गुणों के महत्व का ज्ञान कराना

2- संगमरमर के टुकड़ों में शिल्प कला की तरह शिक्षा भी--

क जीवन में विचित्र रंग भर्ती है

ख जीवन को वि चित्र बनाती है ।

ग जीवन को मनमोहक और आकर्षक रूप देती है

घ जीवन को शक्ति संपन्न बनाती है।

3- ज्ञानदान के अतिरिक्त शिक्षा का कार्य है--

क संस्कार और सुरुचि के अंकुर का पोषण

ख- धर्म संबंधी मान्यताओं का संरक्षण

ग जीवन के गहन अनुभव की जानकारी।

घ भौतिकी सुख साधनों के सदुपयोग का ज्ञान

4- मानवीय गुणों से विभूषित करती है वाक्यों में रेखांकित की व्याकरणिक कोटि है

क संज्ञा ख विशेषण क्रिया ग विशेषण घ अव्यय ।

5- उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए

क ज्ञान दान ख संस्कार ग शिक्षा का उद्देश्य घ मानवता।

अथवा

2- भारत में गुरु शिष्य संबंध का यह भव्य रूप आज साधु पहलवानों और संगीतकारों में ही थोड़ा बहुत ही सही पाया जाता है । भगवान राम कृष्ण वर्षों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे । उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रो कर प्रार्थना करनी पड़ी थी । इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महंगा और महत्वपूर्ण है । संतान हीन रहना उन्हें दुख नहीं देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते। इस संबंध में भगवान ईशा का एक कथन सदा स्मरणीय है । उन्होंने कहा था - मेरे अनुयाई लोग मुझ से कहीं अधिक महान हैं और उनकी जूतियां होने की योग्यता भी मुझ में नहीं है। यही बात है गांधीजी बढ़ने की क्षमता जिनमें है उन्हें गांधीजी अच्छे लगते हैं और वही उनके पीछे चलते भी हैं। विवेकानंद की रचना सिर्फ उन्हें पसंद आएगी जिनमें विवेकानंद बनने की अद्भुत शक्ति निहित है।

1- उपर्युक्त शीर्षक चुनिए

क शिष्यों की महिमा ख योग्य शिष्य ग गुरु की चाह घ गुरु शिष्य संबंध।

2- भारत में गुरु-शिष्य संबंध आजकल किन लोगों में पाया जाता है।

क साधु में ख पहलवानों में

ग संगीतकारों में

घ साधु संगीतकारों और पहलवानों में

3- ईसा मसीह अपने शिष्यों को क्या मानते थे

क नादान ख अबोध

ग विनम्र घ महान।

4- गांधी जी को कौन लोग पसंद करते हैं

क उनके प्रिय जन

ख उनके देशवासी

ग गांधी जैसे गुणीजन

घ सभी लोग ।

5- संतान हीन का अर्थ है-

क भरा पूरा परिवार

ख संतान से भरपुर

ग बिना संतान के घ बेटा बेटी से पूर्ण।

नीचे दो काव्यांश दिए गए हैं किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए1×5=5

हो गई है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए। इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए ।

आज यह दीवार परदों की तरह मिलने लगी शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद ही

लेनी चाहिए । हर सड़क पर हर गली में हर नगर हर गांव में हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए ।

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए । मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए।

1- कवि अपनी किस पीड़ा को पिलाना चाहता है?

क कष्ट कारक

ख सुखदायक

ग पर्वत-सी

घ नदी सी

2 कवि दीवारों के स्थान पर किसे ही लाना चाहता था?

क बुनियाद को

ख छत को

ग घर को

घ देश को

3 हर लाश से कवि का अभिप्राय है?

क मुर्दा व्यक्ति

ख लाश की तरह नीरउत्साहित लोग

ग समझदार लोग

घ झूठा दिखावा करने वाले लोग

4 - कविता के अनुसार कवि

क हंगामा खड़ा करना चाहता है

ख सब को डराना चाहता है

ग समाज में बदलाव लाना चाहता है

घ झूठे नारे लगाना चाहता है

5- आग किसका प्रतीक है?

क अग्नि का

ख गर्मी का

ग युद्ध का

घ विद्रोह या क्रांति का ।

अथवा

सामने कोहरा घना है

और मैं सूरज नहीं हूं

क्या इसी एहसास में जीऊ

या जैसा भी हूं नन्हा सा

इक दीया तो हू ।

क्यों ना उसी की उजास में जीऊ

हर आने वाला क्षण

मुझे यही कहता है
अरे भाई तुम सूरज तो नहीं हो
और मैं कहता हूं
नो सही सूरज
एक नन्हा दीया तो हूं
जितनी भी है लौ मुझ में
उसे लेकर जिया तो हूं
कम से कम मैं उनमें तो नहीं
जो चांद दिल के बुझाए बैठे हैं
हर रात को अमावस बनाए बैठे हैं
उड़ते फिर रहे थे जो जुगनू उनके आंगन में
उन्हें भी मुटठियो में दबाए बैठे हैं।

1- यह कविता क्या प्रेरणा देती है
क प्रकाश फैलाने की
ख चलते रहने की
ग शक्ति भर जीने की
घ शांत रहने की

2' कोहरा किसका प्रतीक है?
क धुन्ध
ख अंधेर
ग  अस्पष्टता
घ निराशा

3- सूरज किसका प्रतीक है?
क सर्वशक्ति का
ख ईश्वर का
ग आशा का
घ आनंद का

4- अमावस किसकी प्रतीक है ।
क घन घोर निराशा
ख परिवर्तन
ग विध्वंस
घ आलस्य।

5- मुटठियो में जुगनू दबाना का आशय है-
क अपनी शक्तियों को उबरने  न देना
ख अपनी शक्तियों को कुचलना
ग सब कुछ नियंत्रण में लेना
घ शत्रु पर विजय पाना।

खंड ख

व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न 3 - किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

21- शब्द यदि शब्द के अंत में जोड़ते हैं तो--

1- प्रत्यय

2- उपसर्ग

3- उपसर्ग एवं प्रत्यय

4- इनमें से कोई नहीं

22- उन्नत में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है

क उन्न

ख उत्

ग उन्

घ उत्त

23 निर्गुण में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है

क - नि

ख- निर्गुण

ग- निर्

घ - निर

24- प्रवचन शब्द में उपसर्ग है

क- पर

ख- प्र

ग पर

घ - प्रव

25- अपमानित शब्द में मूल शब्द कौन सा है।

क - अपमान

ख- मान

ग- नत

घ - अप

26- किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क- दो अथवा दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने हुए नए सार्थक शब्द को क्या कहते हैं।

क- सन्धि

ख -समास

ग- अव्यय

घ- छ्न्द

27- समास का शाब्दिक अर्थ होता है

क- संक्षेप

ख - विस्तार

ग- विग्रह

घ- विच्छेद

28- निम्न में कौन सा पद अव्ययीभाव समास है ।

क- गृह आगत

ख- आचार कुशल

ग- प्रतिदिन

घ- कुमारी

29- जिस समास में दोनों पद प्रधान हैं।

क अव्ययीभाव समास

ख तत्पुरुष समास

ग द्वंद समास

घ कर्मधारय समास

30- निम्न में से कर्मधारय समास किसमें है

क- चक्र पहाड़ी

ख- माता पिता

ग-नीलकमल

घ- राजापुर

31 किनी चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मुदित माही पति मंदिर आए सेवक सचिव सुमंत बुलाए में अलंकार है

क- अनुप्रास अलंकार

ख- उपमा अलंकार

ग यमक अलंकार

घ रूपक अलंकार

32- खग - कुल कुल- कुल सा बोल रहा ,मैं कौन सा अलंकार है।

क अनुप्रास

ख- यमक

ग-उपमा

घ- रूपक ।

33 आगे नदिया पड़ी अपार घोड़ा कैसे उतरे पार में अलंकार है।

क अनुप्रास

ख यमक

ग अतिशयोक्ति अलंकार

घ रूपक अलंकार

34- उपमेय की उपमान से समानता होने पर अलंकार होता है

क रूपक

ख उपमा

ग उत्प्रेक्षा

घ अनुप्रास

35- लोक सीमा का उल्लंघन करके जब वर्णन किया जाए तब अलंकार होता है

क रूपक

ख आतिशयोकति

ग उपमा

घ उत्प्रेक्षा

36- इनमें से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क लेखिका ने कर्नाटक में बच्चों के लिए स्कूल कहां चलाया था

क धूलकोट में

ख- बागलकोट में

ग- सियालकोट में

घ- राजकोट में

37- मेरे संग की औरतें पाठ की लेखिका है-

क  मृदुला गर्ग

ख- मालती जोशी

ग महादेवी वर्मा

घ- आशापूर्णा देवी

38- लेखिका की नानी कैसी महिला थी?

क- पर्दा नशी

ख आधुनिका

ग पढ़ी लिखी

घ ऑफ पारंपरिक

39- लेखिका की नानी अपनी बेटी के लिए कैसा वर चाहती थी?

क सरकारी नौकर

ख आजादी का सिपाही

ग डॉक्टर

घ बैरिस्टर

40  लेखिका की मां का अधिकांश समय किस कार्य में बिताता था?

क खाना बनाने में

ख किताबें पढ़ने में

ग घूमने फिरने में

घ सजने संवरने में

खंड- ग

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-1×5=5

जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं तो उसे गद्दा कहते हैं गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधे पन उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है इसका निश्चय नहीं किया जा सकता गाय सिंग मारती है  ब्याई हुई गाय तो अनयासहीसिनहनीका रूप धारण कर लेती है । कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ जाता है किंतु गद्दे को कभी क्रोध करते नहीं सुना ना देखा जितना चाहो गरीब को मारो चाहे जैसी खराब पड़ी हुई घास सामने डाल दो उसके चेहरे पर कभी

असंतोष की छाया भी ना दिखाई देगी। वैशाख में में चाहे एक आद बार कुलेल कर लेता हो पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा उसके चेहरे पर एक विषाद स्थाई रूप से छाया रहता है सुख-दुख हानि लाभ किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा ऋषि मुनियों के जितने गुण हैं वे सभी उसने पराकाष्ठा को पहुंच गया है पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है।

41- ऋषि-मुनियों में जितने गुण हैं वे सभी उसमें पराकाष्ठा पर पहुंच गए हैं इस वाक्य में उसमें कौन हैं

क झूरी

ख हीरा

ग गधा

घ मोती

42 दो बैलों की कथा नामक पाठ में जानवरों में सबसे अधिक के बुद्धिहीन किसे माना गया है।

क- गाय

ख- बैल

ग गधा

घ लोमड़ी

43 पाठ के अनुसार गधे के गुण हैं।

क मेहनत

ख अध्ययन

ग सीधा-पन

घ चालाक

44- यह कहानी हमें सीख दे रही है।

क शत्रु को शत्रु समझना उचित है

ख मालिक की सेवा करते रहना

ग आजादी के लिए स्वयं लड़ना।

घ दूसरों के अत्याचार सहते रहना

45- प्रेमचंद जी का जन्म किस सन में हुआ।

क 1936

ख-1856

ग 1880

घ 1895

46- अब मैं पुस्तकों के भीतर था का आशय है

क लेखक पुस्तकों की सेल्फ के भीतर चला गया था

ख- लेखक पुस्तक के पढ़ने में रम गया था।

ग- लेखक के चारों ओर पुस्तकें थी

घ- लेखक का चित्र और परिचय था

47- लहासा की ओर पाठ किस विधा में है -

क संस्मरण

ख रिपोर्टर्स

ग डायरी

घ यात्रा वृतांत

हो निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1×5=5

मानुष हौं तो वही रसखानि

बसों ब्रज गोकुल गांव के गवारन

जो पशु हो तो कहा बस मेरे

चारों नित नंद की धेनु माझा रन

पाहन हौं तो वही गिरि को जो

क्यों हरि छात्र पुरंदर धारण

जो खग हो तो बसेरों करो मिली

कालिंदी कूल कदंब की डारन।

48- रसखान अगले जन्म में मनुष्य बन कर कहां निवास करना चाहते हैं

क- मथुरा में

ख बनारस में

ग गोकुल में

घ इनमें से कहीं नहीं।

49 कवि रसखान अगले जन्म में कौन सा पशु रूप बनना चाहते हैं

क गाय

ख घोडा

ग कुत्ता

घ' इनमें से कोई नही

50 रसखान किस प्रवक्ता पत्थर बनना चाहते हैं?

क हिमालय

ख विंध्याचल

ग नीलगिरी

घ गोवर्धन ।

51 कालिंदी कूल कदंब की डारन अनुप्रास अलंकार है क्योंकि

क शब्दों की आवृत्ति है

ख वर्णों की आवृत्ति है

ग एक ही शब्द के एक से अधिक अर्थ हैं

घ इनमें से कोई नहीं।

52- पुरंदर शब्द का अर्थ है

क कृष्ण

ख इंद्र

ग नन्द

घ ग्वाले

53- मोको कहां ढूंढे रे बंदे मैं मैं शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है

क कबीर केलिए

ख अहंकार के लिए

ग भगवान के लिए

घ मनुष्य के लिए

54- बंद द्वार की सानकल खुलने का तात्पर्य है

क प्रज्ञा चक्षु का खुलना

ख कमरे का द्वार खोलना

ग स्वर्ग का द्वार खोलना

घ ईश्वर का द्वार खुल ना